रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVERNMENT OF INDIA

सं. 534] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 13, 2003/ज्येष्ठ 23, 1925
No. 534] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 13, 2003/JYAISTHA 23, 1925

**वित्त मंत्रालय**

**(राजस्व विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 13 जून, 2003

**का.आ. 681(अ).**— केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम 1961 ( 1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खण्ड ( ख) के साथ पठित उपधारा ( 1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय समिति की सिफारिशों पर नीचे दी गई सारणी के कॉलम ( 2) में यथाउल्लिखित संस्थाओं का एतद्द्वारा अनुमोदन करती है तथा उक्त सारणी के कॉलम ( 3) में यथाउल्लिखित पात्र परियोजनाओं अथवा स्कीमों और उनकी अनुमानित लागत को विनिर्दिष्ट करती है तथा कथित सारणी के कॉलम (4) में ऐसी लागत की अधिकतम राशि को भी विनिर्दिष्ट करती है जिसे धारा 35 क ग के तहत कटौती के रूप में अनुज्ञात किया जाना है, नामतः

**सारणी**

| क्रम सं0 | संस्था का नाम | परियोजना अथवा स्कीम और उसकी अनुमानित लागत | धारा 35 क ग के तहत कटौती के रूप में अनुज्ञात की जाने वाले लागत की अधिकतम राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | दी पूना स्कूल एण्ड होम फार दी ब्लाइंड ट्रस्ट, 14/17, कोरगांव | नेत्र चिकित्सालय भवन का निर्माण ( नेत्रहीनों | निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005- |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | पार्क, डा0 माचवे रोड, पुणे-411001 | के लिए) आंतरिक सड़कें, साइट डेवलपमेंट, फर्नीचर की खरीद, चिकित्सा उपस्कार, विद्युत फिटिंग आदि । | 2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्ष के लिए 439.00 लाख रू0 |
| 2. | आमचा घर, 406/7 दीप सागर बिल्डिंग, लाइट हाऊस रोड, उत्तान, भायंदर, ठाणे, मुम्बई-401106 | ( क) भूमि की खरीद (ख) निराश्रित लड़कियों के लिए गृह का निर्माण ( ग) हाईस्कूल एवं तकनीकी संस्थान का निर्माण और ( घ) परियोजना का संचालन | निर्धारण वर्ष 2004-2005 और 2005-2006 अर्थात केवल दो वर्षों के लिए 1157.10 लाख रू0 |
| 3. | चितरंजन सेवा प्रतिष्ठान, 5, राजकमल सामने यूनिवर्सिटी कैम्पस, विद्यानगरी मार्ग, कलिना मुम्बई-400098 | समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन | निर्धारण वर्ष 2004-2005 तथा 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 100.00 लाख रू0 ( कार्पस निधि) |
| 4. | एस आर ट्रस्ट मार्फत मीनाक्षी मिशन हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, लेक एरिया मेल्योर रोड मदुरई, तमिलनाडु-625107 | व्यापक महिला एवं बाल विकास परियोजना | निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 1091.33 लाख रू0 |

2. यह अधिसूचना कथित सारणी की क्रम सं0 2 पर उल्लिखित परियोजना या स्कीम के संदर्भ में कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 और 2005-2006 के संबंध में दो वर्ष की अवधि के लिए और क्रम सं0 1,3 तथा 4 पर उल्लिखित परियोजनाओं अथवा स्कीमों के संबंध में कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 और 2005-2006 और 2006-2007 के संबंध में तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगी ।

[सं. 144/2003/फा. सं. एन.सी.-81/2003]

जी.सी. श्रीवास्तव, सचिव (राष्ट्रीय समिति)